प्रेस नोट

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के पाठ्यक्रम में गुणात्मक सुधार हेतु पी.जी.टी विशेषज्ञों को किया गुगल फॉर्म के माध्यम से आमंत्रित।

.... अक्तूबर, 2024 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु पाठ्यक्रम संबंधी गतिविधियों को संपन्न करने के लिए गुगल फॉर्म के माध्यम से विषय–विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।

इस आशय पर जानकारी देते हुए आज यहां जारी एक प्रैस वक्तव्य में बताया गया कि बोर्ड द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम में गुणात्मक सुधार हेतु विषय–विशेषज्ञों के एक पैनल का गठन किया जाना है जिसके लिए क्षेत्र के पीजीटी प्रवक्ताओं से गुगल के माध्यम से फार्म आमंत्रित किए गए है। हरियाणा प्रदेश में स्थित किसी भी बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में कार्यरत सभी विषयों के प्रवक्ता (पीजीटी) आवेदन कर सकते हैं। पैनल का गठन होनें उपरांत चयनित प्रवक्ताओं को बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में आमंत्रित किया जाएगा तथा उन द्वारा बोर्ड से संबंधित शैक्षणिक कार्यों को सम्पन्न करवानें में सहयोग में लिया जाएगा।

इस आशय पर आगे बताया गया कि सभी संबंधित प्रवक्ता बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध गुगल लिंक **https://docs.google.com/forms/d/11MrYUQ8-bATrQq1XxmLBm0psJLcjB13eyRer95x2pnY/edit** से लॉगिन करते हुये 15 दिन के अन्दर–अन्दर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।